an>

Title: Need to set up a Jawahar Navodaya Vidyalaya and a Mining College in Singrauli district of Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) ः मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के सिंगरौली जिले की मूलभूत आवश्यकताओं की ओर आकर्षित करवाना चाहती हूं। विन्ध्य क्षेत्र में नव सृजित यह जिला, जिसे माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने 24 मई, 2008 को स्वीकृति प्रदान करते हुए 50वां जिला घोषित किया। यह जिला ऊर्जा व खनन के क्षेत्र में देश में बड़ा स्थान रखता है किंतु, शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी अभावग्रस्त है।

अतः मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि सिंगरौली जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय व धनबाद माइनिंग कॉलेज की तर्ज पर एक माइनिंग कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, जिससे सिंगरौली के विकास को एक नया आयाम मिल सके।